# खनिज विभाग एआई से करेगा अवैध परिवहन की निगरानी

## शहर में ई-चेक गेट लगाएं

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में खनिज के अवैध परिवहन पर लगाम लगाने के लिए पूरे प्रदेश में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर चेकिंग की जाएगी. इसके लिए खनिज विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर एआई एवं ई-चेक गेट लगाए गए हैं. उक्त तकनीक से खनिजों परिवहन की निगरानी होगी.**

शहर में विभिन्न तरह के खनिजों का अवैध परिवहन हो रहा है. इस पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग ने प्रदेशभर में आधुनिक तकनीक का उपयोग शुरू कर दिया है. अब प्रदेश में पूर्णत: मानव रहित ए.आई. बेस्ड ई-चेक गेट प्रणाली लागू कर दी गई है, जिससे खनिज परिवहन की निगरानी होगी. प्रदेश स्तर पर अब तक 40 ई-चेक गेट से खरीदे जा चुके हैं. इसी क्रम में शहर के ग्राम सनावदिया के पास एक ई-चेक गेट स्थापित किया जा चुका है. उक्त रास्ते से गुजरने वाले वाहनों की पूरी जांच स्वचालित रूप से की जा रही है. कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर शासन की नई




तकनीक को अपनाते हुए उक्त ई-चेक गेट व्यवस्था लागू की गई है. खनिज अधिकारी जयदीप नामदेव ने बताया कि नई



व्यवस्था में अब बिना ई-ट्रांजिट पास खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर सीधे ई-चालान बनाए जा सकेंगे.

### क्या है नई व्यवस्था की विशेषता

सभी खनिज परिवहन वाहनों पर आरएफआईडी टैग अनिवार्य किया गया. टैग वाहन के फ्रंट विंडशील्ड पर लगाया जाएगा. ई-चेक गेट से गुजरते ही वाहन की पूरी जानकारी सिस्टम में दर्ज होगी. वेरीफोकल कैमरा, एएनपीआर (नंबर प्लेट रीडर) और आरएफआईडी रीडर से जांच होगी. वाहन संख्या, खनिज की मात्रा और वजन का स्वत: मिलान होगा.

**नियम उल्लंघन पर होगी कार्रवाई**- यदि कोई वाहन बिना ई-टीपी या निर्धारित मात्रा से अधिक खनिज ले जाते पाया जाता है, तो उसके खिलाफ तत्काल ऑनलाइन कार्रवाई होगी.

**शहर में और बढ़ेगा नेटवर्क**- खनिज विभाग ने इंदौर के उन मार्गों को चिन्हित किया है, जहां खनिज परिवहन अधिक होता है. ऐसे मार्गों पर जल्द ही 2-3 नए ई-चेक गेट स्थापित किए जाएंगे. ई-चेक गेट लगाने के बाद शासन के राजस्व में वृद्धि होगी.





# सूरज के तेवर हुए बहुत तीखे, पारा 42 डिग्री पार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में आज सूरज के तेवर बहुत तीखे हो गए. आज शहर का तापमान 42 डिग्री पार कर गया. यह बात अलग है कि पूरे प्रदेश में प्रचंड गर्मी पड़ रही है. अधिकाश शहरों में तापमान 43 डिग्री से ऊपर जा पहुंचा है. प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान खजुराहो और रतलाम में 44.6 डिग्री दर्ज किया गया है. हालांकि यह तापमान एक दो दिन ही रहने की संभावना है, क्योंकि मौसम विभाग ने प्रदेश के कई क्षेत्रों में हल्की या मध्यम बारिश होने का अनुमान बताया है.**

अक्षय तृतीया तिथि के बाद सूरज ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं. प्रदेश के खजुराहो और रतलाम में पारा 44.5 डिग्री को पार कर गया है. इसके अलावा दमोह, श्योपुर, धार, नौगांव में 44 डिग्री तापमान दर्ज हुआ है. इसके साथ ही उज्जैन, सागर, जबलपुर, ग्वालियर, टीकमगढ़, उमरिया में भी झुलसने वाली गर्मी पड़ रही है. उक्त शहरों में तापमान 43से 44 डिग्री के बीच दर्ज किया है. इंदौर में आज दिन में 42.2 डिग्री तापमान रहा और शाम 5.30 बजे भी तापमान 40.5 डिग्री दर्ज हुआ. रात का तापमान भी 22.2 डिग्री दर्ज किया गया है और आज रात का तापमान भी ज्यादा रहने की संभावना है.

### दो दिन में राहत मिलने की उम्मीद

मौसम वैज्ञानिक अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में गर्मी में एक दो दिन में थोड़ी राहत मिलने के उम्मीद है. अगले एक दो दिन में ग्वालियर, चंबल संभाग, जबलपुर, सागर, दमोह सहित कुछ जिलों में बारिश होने की संभावना है. कहीं कहीं बादल भी छाए रहेंगे, जिससे तापमान में गिरावट आ सकती है या थोड़ी राहत मिलने की संभावना है.

## एक नजर में

### शनि जयंती पर सजेगा गजासीन शनि धाम



इंदौर. उषा नगर स्थित गजासीन शनिधाम में महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज के सानिध्य में शनि जयंती महोत्सव धूम धाम से मनाया जाएगा. 16 मई को प्रात: 5 बजे से देर रात्रि तक महोत्सव आयोजित होगा. इस अवसर पर धाम को विद्युत साज सज्जा के साथ फूलों से सजाया जाएगा साथ ही प्रभु शनिदेव का विशेष पुष्प श्रृंगार व 56 भोग भी लगाया जाएगा. डॉ. दादू महाराज ने बताया कि 16 मई को शनिवार होने से यह दिन और भी महत्वपूर्ण दिन हो जाता हैं क्योंकि शनिवार शनिदेव का विशेषवार है. सर्वप्रथम प्रात: 5 बजे शनिदेव का विभिन्न तेल से पवित्र नदियों के जल से शनि महामंत्र के उच्चारणों के साथ अभिषेक किया जाएगा. प्रात: 8 बजे से 12 बजे तक पंच कुण्डी यज्ञ प्रारंभ होगा जिसमें 108 नामो से आहुतियां दी जाएगी. विशेष तौर पर शनि की प्रिय सामग्री से हवन होगा. दोपहर 12 बजे ढोल नगाड़े व जयकारों के साथ प्रभु शनिदेव की जन्म आरती की जाएगी. संध्या 6 बजे से सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ किया जाएगा. वही रात्रि 8 .30 बजे महाआरती और प्रसाद वितरण श्रद्धालुओं को किया जाएगा। रात्रि 9 से 11 बजे तक प्रसिद्ध लोकगायक श्री अरुण गोयल द्वारा सुमधुर भजनों व गीतों की प्रस्तुति होगी.

### महाआरती के साथ सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ



इंदौर. नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में प्रति शनिवार और मंगलवार को श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाता है. इस आयोजन में बड़ी संख्या में युवा शामिल होते है. प्रवीण जोशी ने बताया कि आज रात्रि को भक्तो3 ने संगीतमय सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया. समापन प्रसादी वितरण से हुआ.

### एनएसई ने किया पावर मार्केट नियम का स्वागत

इंदौर. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) ने हाल ही में इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (सीईआरसी) द्वारा जारी पावर मार्केट (ड्राफ्ट सेकंड संशोधन) नियम, 2026 की अधिसूचना का स्वागत किया है, जो मार्केट कपलिंग लागू करने से संबंधित है. प्रस्तावित संशोधन के अनुसार, ग्रिड इंडिया (भारत सरकार का उपक्रम) आयोग की मंजूरी से अगले 6 महीनों के भीतर पावर मार्केट कपलिंग प्रोसीजर (पीएमसीपी) तैयार करेगा, ताकि अलग-अलग पावर एक्सचेंजों में मार्केट कपलिंग को लागू किया जा सके. टिप्पणी करते हुए एमडी और सीईओ, एनएसई आशीष कुमार चौहान ने कहा यह जो नया संशोधन किया गया है और इसके तहत मार्केट कपलिंग लागू की जा रही है, यह पावर मार्केट में पारदर्शिता और कार्यक्षमता बढ़ाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है. अगर मार्केट कपलिंग को जल्दी लागू किया जाता है, तो सभी 3 स्पॉट एक्सचेंज और 2 फाइनेंशियल एक्सचेंज के लिए एक समान कीमत तय हो सकेगी.

### मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने स्मॉल ट्रक की रेंज में दो नए वेरिएंट जोड़े

इंदौर. मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने आज अपने ईएससीवी पोर्टफोलियो के रणनीतिक विस्तार की घोषणा की. इसके तहत दो नए एविएटर वेरिएंट- एविएटर 350 और एविएटर एल+ पेश किए गए हैं. जलज गुप्ता, मैनेजिंग डायरेक्टर, मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने कहा कि ईवी अपनाने का अगला चरण सिर्फ़ प्रोडक्ट से नहीं, बल्कि इस बात से तय होगा कि वे असल दुनिया के कामों में कितनी समझदारी से फिट होते हैं. मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक में, हमने 65 लाख किलोमीटर से ज़्यादा के फ्लीट डेटा का इस्तेमाल किया है- यह डेटा खास तौर पर हमारे 600 से ज़्यादा एविएटर वाहनों से मिला है- ताकि हम यह समझ सकें कि अलग-अलग तरह के बिज़नेस अपने वाहनों का इस्तेमाल कैसे करते हैं. इससे हम एक ऐसी प्रोडक्ट रणनीति की ओर बढ़ पाए हैं जो ड्यूटी-साइकिल पर आधारित है. इसके तहत हम ऐसे पूरे बिज़नेस समाधान देते हैं, जिनमें ग्राहक ऐसे कॉन्फ़िगरेशन चुन सकते हैं जो सीधे तौर पर उनके वाहनों के इस्तेमाल के समय, उनकी कार्यक्षमता और निवेश पर मिलने वाले मुनाफ़े को बेहतर बनाते हैं.

### एमेजॉन एमएक्स प्लेयर के कैम्पस बीट्स रिटर्न्स का ट्रेलर रिलीज

इंदौर. एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर ने आज दर्शकों का इंतज़ार खत्म करते हुए कैम्पस बीट्स रिटर्न्स का ट्रेलर रिलीज़ किया है, जिसे पिछले पाँच सीज़न में लोगों का बेहिसाब प्यार मिला है. इसमें शांतनु माहेश्वरी, श्रुति सिन्हा, सहज सिंह चहल, दीपांकना दास, अदनान अहमद जैसे कई जाने-माने कलाकारों ने मुख्य किरदार निभाए हैं, साथ ही पारस कलनावत, चांदनी शर्मा और सुवंश धर जैसे कलाकार भी पहली बार इस फ़्रैंचाइज़ी में अहम किरदारों में नज़र आने वाले हैं. एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर के कंटेंट हेड, अमोघ दुसाद ने कहा कैम्पस बीट्स फ्रैंचाइज़ी ने युवाओं के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई है, और यह एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर पर सबसे लंबे समय तक चलने वाली फ्रैंचाइज़ी भी रही है. इस नए चैप्टर के साथ, हमने और भी आगे बढ़कर काम किया है, क्योंकि इसमें हमने दिल को छू लेने वाले जज्बातों, धमाकेदार डांस और दिलचस्प ट्विस्ट को एक साथ प्रस्तुत किया है, जो आज के दर्शकों को बेहद पसंद आते हैं.

### पीएनबी का एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम कल

इंदौर. पंजाब नैशनल बैंक, इंदौर मंडल द्वारा उद्यमियों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने और लघु उद्योगों को तत्काल ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन 27 अप्रैल को किया जा रहा है. इंदौर उप-मंडल प्रमुख सोमनाथ रॉय ने बताया कि प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी इंदौर में औद्योगिक गतिविधियों का तेजी से विस्तार हो रहा है. ऐसे में पंजाब नैशनल बैंक उद्यमियों को सरलता से ऋण उपलब्ध कराकर औद्योगिक विकास में सहायक भूमिका निभाना चाहता है. मुख्य कार्यक्रम एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मप्र के पॉलीग्राउंड स्थित कार्यालय भवन इंदौर में होगा. शुभारंभ एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मप्र के अध्यक्ष योगेश मेहता एवं सचिव तरुण व्यास करेंगे. विशेष अतिथि बैंक के प्रधान कार्यालय (दिल्ली) के मुख्य महा-प्रबंधक संजय गुप्ता एवं उप अंचल प्रमुख (भोपाल) हर्ष मेहता होंगे. कार्यक्रम में सभी एमएसएमई योजनाओं से संबधित सूचना स्टाल लगाए जायेंगे. बैंक के एमएसएमई लोन विशेषज्ञ और वरिष्ठ अधिकारी मार्गदर्शन हेतु उपस्थित रहेंगे. एक करोड़ रुपये तक के लोन की सैद्धांतिक स्वीकृति तत्काल प्रदान की जाएगी. औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर में भी बैंक अधिकारियों की बैठक आयोजित होगी, जहाँ प्रमुख एमएसएमई उद्यमियों को जानकारी और सहयोग प्रदान किया जाएगा. बैंक ने सभी उद्यमियों से अनुरोध यिा है कि अवसर का लाभ उठाएँ और पंजाब नैशनल बैंक के एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम में शामिल होकर अपने व्यवसाय के लिए वित्तीय सहयोग प्राप्त करें.

# स्वच्छ इंदौर-स्वस्थ इंदौर महा अभियान 2 .0 शुरू

▸ महापौर ने किया शुभारंभ

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शनिवार से शहर में स्वच्छ इंदौर स्वस्थ इंदौर अभियान 2.0 शुरू हो गया. महापौर ने उक्त अभियान का शुभारंभ निगम वार्ड 9 से किया. पहले चरण में विधानसभा 1 के चार वार्डों में विशेष सफ़ाई अभियान चलाया जाएगा.**

देश में शहर को स्वच्छता अभियान में शीर्ष बनाए रखने एवं जन स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा निरंतर स्वच्छता अभियान संचालित किए जा रहे हैं. इसी क्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा वार्ड क्रमांक 9



अंतर्गत वृंदावन कॉलोनी से स्वच्छ इंदौर, स्वस्थ इंदौर 2.0 का शुभारभ किया गया. स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल ने बताया कि विशेष अभियान के तहत शहर की सभी विधानसभा के वार्डों में व्यापक सफाई कार्य किया जाएगा. साथ ही मौसमी एवं संक्रामक बीमारियों की रोकथाम हेतु नियमित रूप से छिड़काव, फॉगिंग एवं अन्य स्वास्थ्य सुरक्षा उपाय भी किए जाएंगे. उन्होंने बताया कि अभियान के प्रथम चरण में 15 दिनों तक विधानसभा एक के वार्ड 9, 3, 4 एवं 13 में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा. इस अवसर पर पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, कमल वाघेला, महापौर प्रतिनिधि शैलू दवे, पार्षद राहुल जायसवाल, शिखा दुबे, बरखा मालू, पराग कौशल सहित बड़ी संख्या में रहवासी एवं निगम अधिकारी उपस्थित थे.

### स्वच्छता निरंतरता बनाए रखना चुनौतीपूर्ण

विशेष सफ़ाई अभियान के शुभारंभ पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि स्वच्छता एक ऐसा विषय है जिसे समझाना जितना आसान है, लेकिन निरंतर बनाए रखना उतना ही चुनौतीपूर्ण कार्य है. इंदौर शहर ने नागरिकों की जागरूकता और स्वच्छता के प्रति उनकी आदतों के कारण देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है.

# गर्भधारण में देरी को नजरअंदाज करना उचित नहीं, समय पर सलाह लेना जरूरी

▸ कारण स्पष्ट होने से साधारण उपचार से समाधान संभव

**इंदौर.** गर्भधारण में कठिनाई, आज के समय में तेजी से बढ़ती एक आम समस्या बनती जा रही है. समाज में अक्सर बिना पूरी जानकारी के इसका कारण महिलाओं को ठहरा दिया जाता है, जबकि इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं- जैसे बढ़ती उम्र में शादी, अनियमित जीवनशैली, अत्यधिक तनाव, हार्मोनल असंतुलन या पुरुषों में शुक्राणुओं की कमी या गुणवत्ता में गिरावट. विशेषज्ञों के अनुसार, लगभग 40-50% मामलों में समस्या पुरुषों से भी जुड़ी होती है, इसलिए इसे केवल महिलाओं से जोड़कर देखना सही नहीं है.

उक्त जानकारी नि:संतानता विशेषज्ञ डॉ. रुद्री अग्रवाल ने दी. उन्होंने बताया कि एक वर्ष तक नियमित प्रयास के बावजूद गर्भधारण नहीं होता (या 35 वर्ष से अधिक उम्र में 6 महीने), तो इसे नजरअंदाज करना उचित नहीं है. ऐसे में सबसे महत्वपूर्ण कदम है- समय पर सही विशेषज्ञ से सलाह लेना. शुरुआती जांच से ही कई



बार समस्या का कारण स्पष्ट हो जाता है और साधारण उपचार से ही समाधान संभव हो जाता है. हर मामले में आईवीएफ (टेस्ट ट्यूब बेबी) की आवश्यकता नहीं होती; कई दंपत्तियों को दवाओं या छोटे उपचारों से ही सफलता मिल जाती है. इसके साथ ही जीवनशैली में सुधार भी बेहद आवश्यक है. संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और तनाव को कम करना- ये सभी प्रजनन क्षमता को बेहतर बनाने में सहायक होते हैं. धूम्रपान और शराब जैसी आदतों से दूरी बनाना भी उतना ही जरूरी है.

### नि :शुल्क परामर्श की पहल

इंदौर की नि :संतानता विशेषज्ञ डॉ. रुद्री अग्रवाल के अनुसार, बांझपन का सही समय पर प्रभावी उपचार संभव है. आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में आज कई उन्नत तकनीकें और विकल्प उपलब्ध हैं, जिनकी मदद से हजारों दंपत्तियों ने अपने माता-पिता बनने के सपने को साकार किया है. इसी सोच के हमने ऐसे दंपत्तियों के लिए नि :शुल्क परामर्श की एक पहल शुरू की है, ताकि वे बिना किसी झिझक के अपनी समस्याओं को समझ सकें और सही मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें.



# नगर निगम मुख्यालय के पास फुटपाथ पर कब्जा, सड़क पर फैला व्यापार

नवभारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम मुख्यालय से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित चिकमंगलूर चौराहे के पास अव्यवस्था का गंभीर मामला सामने आया है. हैरानी की बात यह है कि यह इलाका पुलिस चौकी के बिल्कुल पास है, इसके बावजूद यहां फुटपाथों पर खुलेआम कब्जा किया जा रहा है.**

स्थानीय दुकानदार अपनी दुकानों को फुटपाथ से आगे बढ़ाकर सड़क तक फैला रहे हैं. कई दुकानों ने तो पूरा फुटपाथ घेर लिया है, जिससे पैदल चलने वालों के लिए रास्ता ही नहीं बचता. मजबूरन लोगों को सड़क पर चलना पड़ रहा है, जिससे हादसे का खतरा बढ़ गया है. स्थिति और खराब तब हो जाती है जब दुकानदार अपने ग्राहकों के वाहन भी सड़क पर ही खड़े करवा देते हैं. इससे मुख्य चौराहे पर



अक्सर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है. रोजाना यहां से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. और यह स्थिति सुबह से लेकर रात तक बनी रहती है जिस पर भी प्रशासन का ध्यान इस और नहीं जाता.

पुलिस की मौजूदगी के बाद भी कार्रवाई नहीं-स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लगातार शिकायतों के बाद भी हालात जस के तस बने हुए हैं, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं.

### सख्त कार्रवाई की जाएगी

इस मामले में नगर निगम के अपर आयुक्त आकाश सिंह ने कहा कि जल्द ही अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने बताया कि ऐसे अतिक्रमण के कारण न सिर्फ पैदल यात्रियों को परेशानी होती है, बल्कि यातायात भी बाधित होता है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सभी दुकानदारों को अपनी निर्धारित सीमा में ही व्यापार करने की चेतावनी दी जाएगी. यदि इसके बाद भी नियमों का पालन नहीं किया गया, तो उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाएगी.

# कलेक्टर ने भीषण गर्मी को लेकर स्कूलों में की छुट्टी घोषित

### सभी माध्यमिक स्कूलों में 30 अप्रैल तक अवकाश

इंदौर. शहर में भीषण गर्मी कर चलते कलेक्टर ने 8 वीं कक्षा तक सभी स्कूलों में 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित कर दिया है. साथ ही कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के स्कूल सुबह 7 से 12 बजे का समय करने के निर्देश दिए हैं. कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज शहर में भीषण गर्मी 42.2 तक तापमान को दृष्टिगत रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.शांता स्वामी भार्गव को निर्देश दिए कि इंदौर जिले के सभी शासकीय/ अशासकीय सीबीएसई/ आईसीएसई/ माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं समस्त स्कूलों में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 वीं तक 27 अप्रैल से 30 अप्रैल तक अवकाश रहेगा. उक्त आदेश जिले की सभी आंगनवाड़ियों पर भी लागू होगा. कलेक्टर वर्मा द्वारा कक्षा 9 वीं से 12 वीं कक्षाओं का संचालन सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे के मध्य रखने आदेश दिए हैं. साथ ही जिले के सभी स्कूलों में एक मई से 15 जून तक गर्मी के छुट्टियां रहेगी.

## एक नजर में | किसानों का भोपाल में शक्ति प्रदर्शन

# खेती के मुद्दों पर सरकार घेरने की तैयारी, 4 मई को भोपाल में जुटेंगे किसान-मजदूर

नवभारत न्यूज

**इंदौर. खुशहाली के दो आयाम ऋण मुक्ति और पूरा दाम के नारे के साथ किसानों और मजदूरों ने अपने अधिकारों के लिए एकजुट होने का आह्वान किया है. खेती के व्यस्त समय में किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज किए जाने के विरोध में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की मध्य प्रदेश इकाई के नेतृत्व में 4 मई 2026 को भोपाल में बड़ा आंदोलन किया जाएगा.**

दोपहर 3 बजे मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा और मांगें पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा. सभी किसानों, मजदूरों और महिलाओं से अपील की गई है कि वे अपने गांवों से ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित



भोपाल पहुंचें और अपने साथ भोजन, पानी और दैनिक उपयोग की सामग्री लेकर आएं. मुख्य मांगों में गेहूं खरीदी की समस्याओं का समाधान, नरवाई जलाने के मामलों में राहत, कृषि ऋण पर ब्याज में छूट, प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को पूरी सहायता, न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी, फसलों का उचित मूल्य, मूंग की समय पर खरीदी, उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता और किसानों की पूर्ण कर्ज मुक्ति शामिल हैं.

### एकता दिखाने की अपील

इसके अलावा दूध के दाम बढ़ाने, बिजली विभाग की मनमानी रोकने, भूमि संबंधी त्रुटियों को सुधारने और विकास कार्यों के लिए जमीन अधिग्रहण पर उचित मुआवजा देने की मांग भी रखी गई है. किसानों से समय पर पहुंचकर एकता दिखाने और आंदोलन को सफल बनाने की अपील की गई है.

